भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पटना के जेपीएनआई हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन एवं बिहटा हवाई अड्डे पर नये सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास

नई दिल्ली, 29 मई 2025: बिहार में विमानन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना पर नव निर्मित टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया और पटना के बिहटा हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास किया ।

इस अवसर पर बिहार के माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान; माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार,; श्री किन्जरापु राममोहन नायडू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री तथा श्री मुरलीधर मोहोल, माननीय नागर विमानन एवं सहकारिता राज्य मंत्री उपस्थित रहे। साथ ही, इस समारोह में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री, लोकसभा सांसद, विधायक, नागर विमानन मंत्रालय के सचिव, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे।

माननीय प्रधानमंत्री ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ पटना हवाई अड्डे के नव निर्मित टर्मिनल भवन का अवलोकन किया, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा माननीय प्रधानमंत्री को परियोजना व उसकी प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी गई।

₹1200 करोड़ की लागत से विकसित पटना हवाई अड्डे का नया टर्मिनल भवन और ₹1413 करोड़ की अनुमानित लागत वाले प्रस्तावित बिहटा हवाई अड्डे के सिविल एन्क्लेव से बिहार हवाई संपर्कता में अभूतपूर्व सुधार की ओर अग्रसर होगा। ये अत्याधुनिक सुविधाएं यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने, क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, और राज्य को राष्ट्रीय एवं वैश्विक नेटवर्क से मजबूत रूप से जोड़ने में सहायक सिद्ध होंगी।

पटना हवाई अड्डे का नया टर्मिनल भवन 65,150 वर्ग मीटर में फैला है, जो व्यस्ततम समय में 3,000 यात्रियों और वार्षिक 1 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने की क्षमता रखता है। इसमें 64 चेक-इन काउंटर, 9 ऑटोमैटिक ट्रे रिट्रीवल प्रणाली (एटीआरएस) (चरण-1), 5 एरोब्रिज, 4 कन्वेयर बेल्ट, तथा 11 विमान पार्किंग बे (9 कोड सी और 2 एटीआर) के साथ-साथ 1,100 कारों की क्षमता वाला मल्टीलेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी) की सुविधा उपलब्ध है।

वहीं, बिहटा हवाई अड्डे पर प्रस्तावित नया टर्मिनल भवन 68,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला होगा, जिसकी यात्री क्षमता व्यस्ततम समय में 3,000 यात्रियों और वार्षिक 50 लाख यात्रियों की होगी। इसमें 64 चेक-इन काउंटर, 16 स्वचालित चेक-इन किओस्क, 10 एटीआरएस, 5 एरोब्रिज, और 6 कन्वेयर बेल्ट होंगी। इसके साथ ही एक सेवा ब्लॉक और मल्टीलेवल पार्किंग जैसी सहायक सुविधाएं भी प्रस्तावित हैं।

पटना और बिहटा हवाई अड्डों के टर्मिनल भवन बिहार की समृद्ध कला एवं सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए बनाए गए हैं। इनमें आधुनिक पर्यावरणीय संधारणीय डिजाइन की विशेषताएं शामिल हैं, जिससे ऊर्जा संरक्षण और न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव सुनिश्चित हो सके।

इन टर्मिनलों के निर्माण से न केवल क्षेत्र में व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे बिहार के समग्र आर्थिक विकास को बल मिलेगा। यह विकास, परंपरा और आधुनिकता के समन्वय के साथ, राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: निगमित संचार निदेशालय 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 04/2025-2026

माननीय प्रधानमंत्री तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों को परियोजना के बारे में बताते हुए माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू

जे.पी.एन.आई हवाई अड्डा, पटना का नया टर्मिनल भवन

बिहटा का प्रस्तावित नया टर्मिनल भवन